futuretopper.in

Series SRQPE/C

SET ~ 1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code 32/6/1

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

नोट / NOTE :

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **9 + 1** मानचित्र हैं ।
Please check that this question paper contains **9** printed pages **+1** Map.

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **13** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

सामाजिक विज्ञान
SOCIAL SCIENCE

निर्धारित समय : 2 घण्टे
Time allowed : 2 hours

अधिकतम अंक : 40
Maximum Marks : 40

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :

(i) *यह प्रश्न-पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित किया गया है –* ***खण्ड क, ख, ग, घ*** *और* ***ङ*** *। इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या* ***13*** *है ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***5*** *तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***2*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***40*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(iii) ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***6*** *से* ***8*** *तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***80*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(iv) ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***9*** *और* ***10*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***5*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***120*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(v) ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***11*** *और* ***12*** *केस-आधारित प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है ।*

(vi) ***खण्ड ङ*** *में प्रश्न संख्या* ***13*** *मानचित्र-आधारित है । यह प्रश्न* ***3*** *अंकों का है जिसके दो भाग हैं –* ***13 (क)*** *इतिहास से (****1*** *अंक) तथा* ***13 (ख)*** *भूगोल से (****2*** *अंक) ।*

(vii) *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से* ***केवल एक ही विकल्प का उत्तर*** *लिखिए ।*

(viii) ***मानचित्र*** *को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए ।*

खण्ड क

(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

(5×2=10)

1. 1927 में नई टोरी सरकार ने ब्रिटेन में एक वैधानिक आयोग का गठन क्यों किया ? स्पष्ट कीजिए । *2*

2. भारत में सीमांत सड़कों के महत्त्व का उल्लेख कीजिए । *2*

3. लोहा और इस्पात उद्योग को 'आधारभूत उद्योग' क्यों कहा जाता है ? स्पष्ट कीजिए । *2*

4. "लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ राजनीतिक समानता पर आधारित हैं ।" इस कथन की परख कीजिए । *2*

5. खरीददारियाँ मुद्रा के माध्यम से क्यों की जाती हैं ? स्पष्ट कीजिए । *2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

General Instructions :

Read the following instructions very carefully and strictly follow them :

(i) *This question paper comprises* ***five*** *sections –* ***Sections A, B, C, D*** *and* ***E****. There are* ***13*** *questions in the question paper.* ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) ***Section A*** *– Questions no.* ***1*** *to* ***5*** *are very short answer type questions, carrying* ***2*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***40*** *words.*

(iii) ***Section B*** *– Questions no.* ***6*** *to* ***8*** *are short answer type questions, carrying* ***3*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***80*** *words.*

(iv) ***Section C*** *– Questions no.* ***9*** *and* ***10*** *are long answer type questions, carrying* ***5*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***120*** *words.*

(v) ***Section D*** *– Questions no.* ***11*** *and* ***12*** *are case-based questions, carrying* ***4*** *marks each.*

(vi) ***Section E*** *– Question no.* ***13*** *is map-based, carrying* ***3*** *marks with two parts,* ***13(a)*** *from History (****1*** *mark) and* ***13(b)*** *from Geography (****2*** *marks).*

(vii) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions.* ***Only one of the choices*** *in such questions have to be attempted.*

(viii) *Attach* ***map*** *along with your answer-book.*

SECTION A
(Very Short Answer Type Questions) *(5×2=10)*

1. Why did the new Tory Government in Britain constitute a Statutory Commission in 1927 ? Explain. *2*

2. Mention the importance of Border roads in India. *2*

3. Why is the iron and steel industry called as the 'basic industry' ? Explain. *2*

4. "Democracies are based on political equality." Examine the statement. *2*

5. Why are transactions made in money ? Explain. *2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खण्ड ख

(लघु-उत्तरीय प्रश्न)

(3×3=9)

6. (क) असहयोग का विचार आंदोलन कैसे बना ? स्पष्ट कीजिए । *3*

अथवा

(ख) असहयोग आंदोलन ग्रामीण क्षेत्रों में कैसे फैला ? स्पष्ट कीजिए । *3*

7. "लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था वैध शासन व्यवस्था है ।" इस कथन की पुष्टि, उपयुक्त तर्कों से कीजिए । *3*

8. निर्धन परिवार ऋण के लिए अब भी अनौपचारिक स्रोतों पर निर्भर क्यों है ? स्पष्ट कीजिए । *3*

खण्ड ग

(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

(2×5=10)

9. (क) भारत में राजनीतिक दलों के सम्मुख प्रमुख चुनौतियों का विश्लेषण कीजिए । *5*

अथवा

(ख) भारत में राजनीतिक दलों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । *5*

10. (क) "वैश्वीकरण विभिन्न देशों के बीच तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया है ।" इस कथन की परख कीजिए । *5*

अथवा

(ख) भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भूमिका की परख कीजिए । *5*

खण्ड घ

(केस-आधारित प्रश्न)

(2×4=8)

11. नीचे दिए गए केस को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4*

स्वतंत्रता दिवस की शपथ, 26 जनवरी, 1930

'हमारा विश्वास है कि किसी भी समाज की तरह भारतीय जनता का भी यह एक अहरणीय (inalienable) अधिकार है कि उन्हें आज़ादी मिले, अपनी मेहनत का फल मिले, और जीवन की सभी आवश्यकताएँ पूरी हों जिससे उन्हें आगे बढ़ने के परिपूर्ण अवसर मिलें । हमारा यह भी विश्वास है कि यदि कोई भी सरकार अपनी जनता को इन अधिकारों से वंचित रखती है और दबाती है, तो जनता को भी सरकार को बदलने या उसे समूल समाप्त करने का अधिकार है । भारत में ब्रितानी सरकार ने न केवल भारतीय जनता को स्वतंत्रता से वंचित किया है बल्कि उसने जनता का शोषण किया है और भारत को आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर नष्ट कर दिया है । इसलिए हमारा विश्वास है कि भारत को अनिवार्य रूप से ब्रिटेन के साथ अपने सभी संबंधों को समाप्त करके पूर्ण स्वराज प्राप्त करना चाहिए ।'

(11.1) किसको एक अहरणीय अधिकार समझा गया था ? *1*

(11.2) भारतीयों ने 'पूर्ण स्वराज' की माँग क्यों की ? *1*

(11.3) इस अवतरण के संदर्भ में ब्रिटिश सरकार के प्रति भारतीयों के विचारों की परख कीजिए । *2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

SECTION B
(Short-Answer Type Questions) *(3×3=9)*

6. (a) How did non-cooperation become a movement ? Explain. *3*

OR

(b) How did the Non-Cooperation Movement spread to the countryside ? Explain. *3*

7. "Democratic government is legitimate government." Support the statement with suitable arguments. *3*

8. Why are poor households still dependent on informal sources of loans ? Explain. *3*

SECTION C
(Long-Answer Type Questions) *(2×5=10)*

9. (a) Analyse the major challenges faced by the political parties in India. *5*

OR

(b) Analyse the role of political parties in India. *5*

10. (a) "Globalisation is the process of rapid integration between countries." Examine the statement. *5*

OR

(b) Examine the role of Multinational Corporations in India. *5*

SECTION D
(Case-based questions) *(2×4=8)*

11. Read the given case carefully and answer the questions that follow : *4*

The Independence Day Pledge, 26 January, 1930

'We believe that it is the inalienable right of the Indian people, as of any other people, to have freedom and to enjoy the fruits of their toil and have the necessities of life, so that they may have full opportunities of growth. We believe also that if any government deprives a people of these rights and oppresses them, the people have a further right to alter it or to abolish it. The British Government in India has not only deprived the Indian people of their freedom but has based itself on the exploitation of the masses, and has ruined India economically, politically, culturally, and spiritually. We believe, therefore, that India must sever the British connection and attain Purna Swaraj or Complete Independence'.

(11.1) What was considered as an inalienable right ? *1*

(11.2) Why did Indians ask for 'Purna Swaraj' ? *1*

(11.3) Examine the views of Indians towards the British Government in reference to this passage. *2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

12. नीचे दिए गए केस को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4*

राष्ट्रीय ताप विद्युतग्रह कॉरपोरेशन (NTPC) द्वारा दिखाया गया मार्ग

भारत में राष्ट्रीय ताप विद्युतगृह कॉरपोरेशन विद्युत प्रदान करने वाली मुख्य निगम है । इसके पास पर्यावरण प्रबंधनतंत्र (EMS) 14001 के लिए आई एस ओ (ISO) प्रमाण-पत्र है । यह निगम प्राकृतिक पर्यावरण और संसाधन जैसे जल, खनिज तेल, गैस तथा ईंधन संरक्षण नीति का हिमायती है तथा इन्हें ध्यान में रखकर ही विद्युत संयंत्रों की स्थापना करता है । ऐसा निम्न उपायों द्वारा संभव है –

(अ) आधुनिकतम तकनीकों पर आधारित उपकरणों का सही उपयोग करके तथा विद्यमान उपकरणों में सुधार ।

(ब) अधिकतम राख का इस्तेमाल कर अपशिष्ट पदार्थों का न्यून उत्पादन ।

(स) पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए हरित क्षेत्र की सुरक्षा तथा वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना ।

(12.1) भारत में विद्युत प्रदान करने वाला प्रमुख निगम कौन-सा है ? *1*

(12.2) उस संस्थान का नाम लिखिए जो पर्यावरण प्रबंधन तंत्र के लिए आई.एस.ओ. प्रमाण-पत्र जारी करता है । *1*

(12.3) प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय ताप विद्युतग्रह निगम की संरक्षण नीति को स्पष्ट कीजिए । *2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

12. Read the given case carefully and answer the questions that follow : *4*

NTPC shows the way

NTPC is a major power providing corporation in India. It has ISO certification for EMS (Environment Management System) 14001. The corporation has a pro-active approach for preserving the natural environment and resources like water, oil, gas and fuels in places where it is setting up power plants. This has been possible through –

(a) Optimum utilisation of equipment adopting latest techniques and upgrading existing equipment.

(b) Minimising waste generation by maximising ash utilisation.

(c) Providing green belts for nurturing ecological balance and addressing the question of special purpose vehicles for afforestation.

(12.1) Which is the major power providing corporation in India ? *1*

(12.2) Name the institution which issues ISO certification for Environment Management System. *1*

(12.3) Explain the pro-active approach of NTPC for preserving the natural environment. *2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खण्ड ङ

(मानचित्र-आधारित प्रश्न) *(1+2=3)*

13. (i) दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में निम्नलिखित जानकारी की सहायता से 'A' के रूप में चिह्नित स्थान की पहचान कीजिए और उसके पास खींची गई रेखा पर उसका सही नाम लिखिए ।

A. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन 1927 में हुआ था । *1*

(ii) दिए गए **भारत** के इसी रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित को अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

(क) (I) नोएडा – सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क *1*

अथवा

(II) पुणे – सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क *1*

(ख) पारादीप – प्रमुख समुद्री पत्तन *1*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 13 के स्थान पर हैं ।* *3×1=3*

(13.1) उस नगर का नाम लिखिए जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन 1927 में हुआ था । *1*

(13.2) (क) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नोएडा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है । *1*

अथवा

(ख) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ पुणे सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है । *1*

(13.3) किस राज्य में पारादीप समुद्री पत्तन स्थित है ? *1*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

SECTION E

(Map-Based Question)

(1+2=3)

13. (i) On the given political outline map of **India** (on page 11), identify the place marked as 'A' with the help of the following information and write its correct name on the line marked near it.

A. The place where the Indian National Congress Session was held in 1927. *1*

(ii) On the same given map of **India**, locate and label the following with appropriate symbols :

(a) (I) Noida – Software Technology Park *1*

OR

(II) Pune – Software Technology Park *1*

(b) Paradwip – Major Sea Port *1*

Note : *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 13.* *3×1=3*

(13.1) Name the city where the Indian National Congress Session was held in 1927. *1*

(13.2) (a) Name the State where the Noida Software Technology Park is located. *1*

OR

(b) Name the State where the Pune Software Technology Park is located. *1*

(13.3) In which State is Paradwip Sea Port located ? *1*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

प्रश्न सं. 13 के लिए **For question no. 13**



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE